**मूल हिंदी में**

**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3287**
**16.12.2024 को उत्तर के लिए**

**छत्तीसगढ़ में वन्यजीव संरक्षण**

**3287. श्री भोजराज नागः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या छत्तीसगढ़ राज्य में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कोई विशेष अभियान या योजना क्रियान्वित की जा रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त राज्य में कितने अभयारण्य हैं तथा पिछले पांच वर्षों के दौरान उक्त अभयारण्यों पर व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या उक्त राज्य में हाथियों के संरक्षण के लिए अभयारण्य स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) से (ग) वन्यजीवों का संरक्षण और प्रबंधन मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की जिम्मेदारी होती है। मंत्रालय केन्द्रीय प्रायोजित योजना, 'वन्यजीव पर्यावासों का समेकित विकास' के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य वन्यजीवों का संरक्षण और सुरक्षा तथा उनके पर्यावास में सुधार करना है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में 11 अभयारण्य और 3 राष्ट्रीय उद्यान हैं।

पिछले पांच वर्षों के दौरान 'केन्द्रीय प्रायोजित योजना - वन्यजीव आवासों का समेकित विकास' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को जारी की गई धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(लाख रुपये में)

| वित्तीय वर्ष | वन्यजीव पर्यावासों का विकास | बाघ परियोजना | हाथी परियोजना |
|---|---|---|---|
| 2019-20 | 310.03 | 358.53 | - |
| 2020-21 | 104.36 | 471.16 | - |
| 2021-22 | 274.59 | 355.85 | 24.78 |
| 2022-23 | 104.46 | 82.88 | - |
| 2023-24 | 116.25 | *292.855 | |

* केन्द्रीय प्रायोजित योजना- हाथी परियोजना और केन्द्रीय प्रायोजित योजना-बाघ परियोजना को एक ही विलय कर दिया गया है और अब इसे केन्द्रीय प्रायोजित योजना बाघ एवं हाथी परियोजना के नाम से जाना जाता है।

(घ) वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र किसी क्षेत्र को अभयारण्य घोषित कर सकते हैं, यदि इसे वन्यजीव या उसके पर्यावरण की सुरक्षा, प्रसार या विकास के उद्देश्य से पर्याप्त पारिस्थितिक, जीव-जंतु, पुष्प, भू-आकृति विज्ञान, प्राकृतिक या प्राणि विज्ञान संबंधी महत्व का माना जाता हो।

*****